# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

वार्षिक परीक्षा हेतु अभ्यास–कार्य पत्र

सत्र 2019–20

विषय – हिंदी

कक्षा – छठी

सामान्य निर्देश :
- इस अभ्यास पत्र में चार खण्ड हैं– 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
- सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासम्भव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम में लिखिए।
- प्रश्नों के उत्तर लिखते समय शब्द सीमा का विशेष ध्यान रखें

## खंड–क

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रकृति में सूर्य देवता आलस्य छोड़कर उठ जाने का संदेश देते हैं पर बहुत बार हम आलसी बने पड़े सोते रहते हैं। उसकी किरणें दस्तक देती हैं द्वार पर, खिड़की पर । कभी कोई शरारती किरण शीशे से या किसी नन्हें–से छेद से भीतर आ घुसती है पर हम बेसुध पड़े रहते हैं। आलस्य हमें आलसी और निष्क्रिय बनाए रखता है। कभी–कभी हम अधिक सक्रिय हो जाते हैं, अधिक वाचाल हो जाते हैं। व्यर्थ बकवास करते हुए हम अपनी शक्ति, अपनी ऊर्जा तो नष्ट करते ही हैं, दूसरों की शांति भंग करके उन्हें परेशान भी करते हैं। तब सूर्योदय से पूर्व प्रकृति में पसरा मौन या रात्रि की शांति हमें पुकार–पुकारकर मौन व शांत रहने को कहती है। सच्चा ज्ञानी मौन ही रहता है और निद्रा –आलस्य जीतने वाला तथा वाणी पर संयम रखने वाला ही 'वीर' होता है। वाणी का संयम साधना सबसे कठिन काम होता है पर व्यक्ति इसे साध सके, तो उसकी आवाज़ दूर–दूर तक पहुँचती है। बड़े–बड़े ज्ञानोत्सवों में, विद्वानों की सभाओं में ऐसे व्यक्तियों के स्वर ही गूँजत हैं। ज्ञान ही ऐसा धन है, जो लुटाते रहने पर भी कम नहीं होता ।

प्र0 / उ0

क. सूर्य देवता क्या संदेश देते हैं और बहुत बार हम क्या करते हैं ?

ख. आलस्य हमें क्या बनाए रखता है और कभी–कभी हम क्या करते हैं ?

ग. सच्चा ज्ञानी क्या करता है और 'वीर' कौन होता है ?

घ. सबसे कठिन काम क्या होता है और कौन–सा धन है, जो लुटाते रहने पर भी कम नहीं होता ?

ड. 'सूर्य' के दो पर्यायवाची शब्द लिखें।

च. गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

## खंड– ख

प्र.2 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | 1. स्वाधीन | 2. पाप | (विलोम शब्द लिखिए) |
| ख. | 1. पुत्र | 2. घर | (एक–एक पर्यायवाची शब्द लिखें) |
| ग. | 1. शिक्षा देने वाला<br>2. जिसके माता–पिता हों | | (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें) |
| घ. | 1. नाग | 2. पत्र | (अनेकार्थक शब्द लिखें) |
| ड. | 1. हरि+ ईश | 2. जल+ ऊर्मि | (संधि कीजिए) |
| च. | 1. ( ! ) | 2. ( ?) | (विराम चिह्नों के नाम लिखें) |
| छ. | 1. मात्र | 2. मातृ | (श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखें) |
| ज. | उल्लू बनाना | | (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ) |
| झ. | 1. मैं कल दिल्ली जाऊँगा। | | (काल का भेद लिखें) |

2. विज्ञान ने बहुत प्रगति कर ली है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ञ. | 1. गुणवान | 2. श्रीमान | (लिंग बदलें) |
| ट. | 1. प्रिय | 2. सरलतर | (विशेषण शब्द की अवस्था पहचान कर लिखें) |
| ठ. | 1. धोना | 2. शत्रु | (भाववाचक संज्ञा बनाएँ) |
| ड | 1. बच्चा | 2. गागर | (वर्ण–विच्छेद करें) |
| ढ. | 1. दरवाज़ा बंद कर दो। | | (वाक्य का भेद लिखें) |
| | 2. आप कहाँ से आ रहे हैं ? | | |

प्र.3 लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. लिंग किसे कहते हैं ?

ख. विराम चिह्न का क्या अर्थ हैं ?

प्र.4 किन्हीं दो प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए।

क. विशेषण किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए।

ख. काल किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए।

ग. सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण एक–दूसरे से कैसे भिन्न हैं?

## खंड–ग

प्र.5 निम्नलिखित में से किसी एक का आशय स्पष्ट कीजिए ( शब्द सीमा 20–30 शब्द ) ।

1. बड़ा बनाकर पहले हमको
   तू पीछे छलती है मात !
2. हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
   साथ नहीं फिरती दिन रात ।

प्र.6 निम्नलिखित में किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( शब्द सीमा 20–30 शब्द ) ।

क. लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर– किन्हें कहा है ?

ख. बचपन में लक्ष्मीबाई ने क्या–क्या किया था ?

ग. नागराजन के अलबम के हिट हो जाने पर राजप्पा के मन की क्या दशा हुई ?

घ. लोकगीतों को किन–किन अवसरों पर गाया जाता है ?

ड. आश्रम में बरतन धोने के बारे में क्या नियम थे ?

च. सीता जी ने श्रीराम से क्या कहा ?

प्र.7 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ( शब्द सीमा 60–70 शब्द ) ।

क. 'आश्रम में गांधी जी' कई ऐसे काम भी करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर–चाकर करते हैं ? आप अपने घर में कौन–से कार्य करते हैं, अपने शब्दों में लिखिए।

ख. सोच कर बताइए कि पैदल चलने में क्या हानि और क्या लाभ है तथा गाड़ी में चलने में क्या हानि और लाभ हैं ?

प्र.8 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

क. अनिवार्य ख. छाँह ग. तरकीब

प्र.9 क. राम के मन में आशकाएँ क्यों उठ रही थी ?( शब्द सीमा 40–50 शब्द )

ख. राम सुग्रीव की किस बात से क्षुब्ध थे ? ( शब्द सीमा 40–50 शब्द )

## खंड–घ

प्र.10 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद 70–80 शब्दों में लिखिए –

क. एकता का महत्त्व
संकेत बिंदु :–
• एकता में शक्ति • देश की उन्नति • एकता न होने से हानि

ख. मेरी प्रिय ऋतु
संकेत बिंदु :–
• ऋतु की प्राकृतिक शोभा • प्रभाव • प्रिय ऋतु की प्रतीक्षा

प्र.11 किसी एक विष ाय पर 70–80 शब्दों में पत्र लिखिए :–

क. अपने मित्र /सहेली को समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए पत्र लिखिए।
ख. कक्षा में लाइट की उचित व्यवस्था करवाने के लिए अपनी प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

प्र.12 किसी एक विषय पर 6–8 पंक्तियों में संवाद–लेखन कीजिए :–

क.दीपावली पर पटाखे जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के संबंध में दो मित्रों/सहेलियों के बीच संवाद लिखिए।
ख.चिड़िया के घोंसले के बारे में भाई–बहन के मध्य संवाद लिखिए।

प्र.13 किसी एक विषय पर 20–25 शब्दों का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए :–

क. ठंडाई कम्पनी के शरबत का एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए।
ख. सैमसंग कम्पनी के मोबाइल का एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए।

प्र.14 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखते हुए चित्र का वर्णन 40–50 शब्दों में कीजिए ।

